www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# UGC NET 2013 December Paper 2 Shift 1 Geography Question Paper

# PAPER-II
# GEOGRAPHY

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) __________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) __________________________
   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ...............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________
(In words)

**D 8 0 1 3**

Time : 1 ¼ hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **12** | Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

# GEOGRAPHY
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** Which of the following processes is responsible for weathering of rocks in the Karst region ?
(A) Scree formation
(B) Carbonation
(C) Oxidation
(D) Hydrolysis

**2.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given :

| List – I (Authors) | List – II (Books) |
|---|---|
| a. Woolridge and Morgan | i. Principles of Geomorphology |
| b. Thornbury | ii. Geomorphology |
| c. Van Ricthofen | iii. Spirit and purpose of Geography |
| d. Steers | iv. Unstable Earth |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | ii | iii | i | iv |
| (C) | iii | i | ii | iv |
| (D) | iv | ii | i | iii |

**3.** Which one of these glacial features is believed to have formed in the bed of a sub-glacial stream ?
(A) An Esker (B) A Morraine
(C) Drumlin (D) Kame

**4.** Indian Meteorological Department (IMD) has divided India into how many seismic zones ?
(A) 4 (B) 5
(C) 6 (D) 7

**5.** Bad-land Topography is the product of the combined action of
(A) Wind and Glacier
(B) Wind and Water
(C) Water and Glacier
(D) Water and Temperature

**6.** Increase in temperature with increase in height is known as
(A) Lapse rate
(B) Adiabatic lapse rate
(C) Inversion of temperature
(D) Normal rate

**7.** Identify the correct sequence of the given processes regarding rainfall :
(A) Unsaturated air, condensation, dew point, precipitation
(B) Dew point, condensation, unsaturated air, precipitation
(C) Unsaturated air, dew point, condensation, precipitation
(D) Dew point, precipitation, condensation, unsaturated air

**8.** Read out the following conditions :
1. Cloudy sky
2. Cold dry air
3. Strong winds
4. Long winter nights

Which of the above conditions promote inversion of temperature ?
(A) 1, 2 and 4 (B) 2, 3 and 4
(C) 1 and 4 (D) 2 and 4

**9.** The climate of Southern Ganga plain in the Thornthwait classification is denoted by
(A) BA' W (B) CA' W
(C) AA' W (D) CW' W

**10.** When the wind is deflected due to the rotation of earth it is known as
(A) Planetary wind
(B) Geostrophic wind
(C) Accidental wind
(D) Forced wind

www.prepp.in

prepp
Your Personal Exams Guide

# भूगोल

## प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** निम्नलिखित में से कौन सा प्रक्रम चूना प्रदेश में शैलों का अपक्षय करता है ?

(A) स्क्री का बनना (B) कार्बोनेटीकरण
(C) ऑक्सीकरण (D) जलीयकरण

**2.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची – I (लेखक)** | **सूची – II (पुस्तक)** |
|---|---|
| a. वूलरिज एवं मॉर्गन | i. प्रिंसीपल्स ऑफ जियोमॉरफॉलोजी |
| b. थॉर्नबरी | ii. जियोमॉरफॉलोजी |
| c. वैन रिचथॉफन | iii. स्पिरिट एण्ड परपज़ ऑफ जियोग्राफी |
| d. स्टियर्स | iv. अनस्टेबल अर्थ |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | ii | iii | i | iv |
| (C) | iii | i | ii | iv |
| (D) | iv | ii | i | iii |

**3.** निम्नलिखित में से कौन सी हिमनदीय आकृति के लिये यह माना जाता है कि वह उपहिमीय सरिता के संस्तर में निर्मित हुई है ?

(A) एस्कर (B) मोरेन
(C) ड्रमलिन (D) केम

**4.** भारतीय मौसमविज्ञान विभाग (IMD) ने भारत को कितने 'भूकम्पीय अंचलों' में विभाजित किया है ?

(A) 4 (B) 5
(C) 6 (D) 7

**5.** उत्खात-भूमि (बैड-लैण्ड) स्थलाकृति निम्नलिखित की मिली-जुली क्रिया का उत्पाद है :

(A) पवन एवं हिमानी
(B) पवन एवं जल
(C) जल एवं हिमानी
(D) जल एवं तापमान

**6.** ऊँचाई में वृद्धि के साथ तापमान में वृद्धि क्या कहलाती है ?

(A) लैप्स रेट (च्युति दर)
(B) एडियाबैटिक लैप्स रेट (रुद्धोष्म च्युति दर)
(C) ताप व्युत्क्रमण
(D) सामान्य दर

**7.** वर्षा से सम्बन्धित प्रक्रियाओं का सही अनुक्रम बताइये :

(A) असंतृप्त वायु, संघनन, ओस बिन्दु, अवक्षेपण
(B) ओस बिन्दु, संघनन, असंतृप्त वायु, अवक्षेपण
(C) असंतृप्त वायु, ओस बिन्दु, संघनन, अवक्षेपण
(D) ओस बिन्दु, अवक्षेपण, संघनन, असंतृप्त वायु

**8.** निम्नलिखित स्थितियों को पढ़ें :

1. मेघाच्छादित आकाश
2. ठंडी शुष्क वायु
3. तेज पवन
4. लम्बी शीतकालीन रातें

उपर्युक्त में से कौन सी स्थिति तापमान में विक्षेप को बढ़ावा देती है ?

(A) 1, 2 एवं 4 (B) 2, 3 एवं 4
(C) 1 एवं 4 (D) 2 एवं 4

**9.** थोर्नथ्वेट वर्गीकरण में दक्षिणी गंगा मैदान की जलवायु किसके द्वारा सूचित की जाती है ?

(A) BA' W (B) CA' W
(C) AA' W (D) CW' W

**10.** पृथ्वी के घूर्णन के कारण होने वाला पवन विक्षेप (या विचलन) क्या कहलाता है ?

(A) भूमण्डलीय पवन
(B) भूविक्षेपी पवन
(C) आकस्मिक पवन
(D) बलात् पवन

**11.** Salinity in water bodies increases with
(A) increase in evaporation and decrease in admixture of fresh water.
(B) decrease in evaporation and increase in admixture of fresh water.
(C) decrease in evaporation and no change in admixture of fresh water.
(D) increase in evaporation and increase in admixture of fresh water.

**12.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and other labelled as Reason (R). Select your answer from codes given below :
**Assertion (A) :** The salinity in Dead Sea is very low.
**Reason (R) :** Dead Sea is located in tropical dry climatic region, where evaporation is high, precipitation is low and here drainage is internal.
**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are right.
(B) Both (A) and (R) are wrong.
(C) (A) is wrong, but (R) is right.
(D) (A) is right, but (R) is wrong.

**13.** Which one of the following primary green house gases is not associated with global warming ?
(A) Water vapour
(B) Carbon dioxide
(C) Methane
(D) Hydrogen

**14.** Match List – I with the List – II and select the correct answer from the codes given below :

| **List – I (National Park)** | **List – II (State)** |
|---|---|
| a. Eraviculam | i. Karnataka |
| b. Bandipur | ii. Kerala |
| c. Hemis | iii. Manipur |
| d. Sironi | iv. Jammu & Kashmir |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iv | iii |
| (B) | iii | iv | ii | i |
| (C) | i | ii | iv | iii |
| (D) | i | iv | iii | ii |

**15.** Which one of the following is a Taiga Biome ?
(A) Sub-Tropical Biome
(B) Sub-Arctic Biome
(C) Savanna Biome
(D) Sub-Sahara Biome

**16.** Match the following List – I with List – II and select the correct answer from the codes given :

| **List – I (Geographer)** | **List – II (Country)** |
|---|---|
| a. Alexander Von Humboldt | i. France |
| b. Ellen Churchill Semple | ii. U.K. |
| c. Peter Haggett | iii. U.S.A. |
| d. Jeans Brunhes | iv. Germany |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | ii | iii | i |
| (B) | i | ii | iii | iv |
| (C) | iv | iii | ii | i |
| (D) | ii | iii | i | iv |

**17.** Who among the following defined Geography as Discovery of Predictive Patterns during quantitative revolution period ?
(A) Haggett (B) Harvey
(C) Stewart (D) Bunge

**18.** In describing the patterns and processes of spatial interaction, geographers are most concerned with
(A) Accessibility and Connectivity
(B) Density and Dispersion
(C) Diffusion and Pattern
(D) Pedestrian Cities

**19.** Who founded the Humanistic School of Geography ?
(A) Wolpert (B) Tuan
(C) Kirk (D) Harvey

**11.** जलाशयों में लवणता में वृद्धि किसमें परिवर्तन के साथ होती है ?

(A) वाष्पीकरण में वृद्धि और ताजे जल के सम्मिश्रण में कमी ।

(B) वाष्पीकरण में कमी और ताजे जल के सम्मिश्रण में वृद्धि ।

(C) वाष्पीकरण में कमी और ताजे जल के सम्मिश्रण में कोई परिवर्तन नहीं ।

(D) वाष्पीकरण में वृद्धि और ताजे जल के सम्मिश्रण में वृद्धि ।

**12.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है । नीचे दिये गये संकेतों से सही उत्तर का चयन कीजिये :

**अभिकथन (A) :** मृत/डेड सागर में लवणता बहुत कम होती है ।

**कारण (R) :** मृत सागर उष्णकटिबंधीय शुष्क जलवायु क्षेत्र में अवस्थित है, जहाँ वाष्पीकरण उच्च, अवक्षेपण निम्न और अपवाह आन्तरिक होता है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं ।

(B) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

(C) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

(D) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

**13.** निम्नलिखित में से कौन सी प्राथमिक हरित गृह गैस वैश्विक ऊष्मन से सम्बन्धित नहीं है ?

(A) जल वाष्प

(B) कार्बन-डाइ-ऑक्साइड

(C) मीथेन

(D) हाइड्रोजन

**14.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची – I (राष्ट्रीय पार्क)** | **सूची – II (राज्य)** |
|---|---|
| a. एरावीकूलम | i. कर्नाटक |
| b. बांदीपुर | ii. केरल |
| c. हेमिस | iii. मणिपुर |
| d. सिरोनी | iv. जम्मू एवं कश्मीर |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iv | iii |
| (B) | iii | iv | ii | i |
| (C) | i | ii | iv | iii |
| (D) | i | iv | iii | ii |

**15.** निम्नलिखित में से कौन सा टैगा बायोम है ?

(A) अर्द्ध-उष्णकटिबन्धी बायोम

(B) अर्द्ध-उत्तरध्रुवीय बायोम

(C) सवाना बायोम

(D) उप-सहारा बायोम

**16.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची – I (भूगोलवेत्ता)** | **सूची – II (देश)** |
|---|---|
| a. अलेक्जैण्डर वॉन हम्बोल्ट | i. फ्रांस |
| b. अलेन चर्चिल सेम्पल | ii. यू.के. |
| c. पीटर हैगेट | iii. यू.एस.ए. |
| d. जीन्स ब्रून्स | iv. जर्मनी |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | ii | iii | i |
| (B) | i | ii | iii | iv |
| (C) | iv | iii | ii | i |
| (D) | ii | iii | i | iv |

**17.** मात्रात्मक क्रान्ति काल के दौरान किस विद्वान ने भूगोल को भविष्यसूचक प्रतिरूपों की खोज के रूप में परिभाषित किया है ?

(A) हैगेट (B) हार्वे

(C) स्टीवर्ट (D) बुंगी

**18.** स्थानिक अंतर्क्रिया की प्रक्रिया और उसके प्रतिरूपों (पैटर्न) का वर्णन करने में भूगोलवेत्ता किस बात से सर्वाधिक सरोकार रखते हैं ?

(A) अभिगम्यता एवं सम्बद्धता

(B) घनत्व एवं छितराव

(C) विसरण एवं प्रतिरूप

(D) सामान्य शहर

**19.** निम्नलिखित में से किसने भूगोल के मानववादी संप्रदाय की स्थापना की ?

(A) वोलपर्ट (B) तुआन

(C) किर्क (D) हार्वे

**20.** Who amongst the following correlated colour of ocean water and its salinity ?
(A) Ibn – Khaldun
(B) Al – Masudi
(C) Ibn – Sina
(D) Al – Maqdisi

**21.** "All history must be treated geographically and all geography must be treated historically." Who wrote this ?
(A) Herodotus (B) Ratzel
(C) Blache (D) Davis

**22.** Which school of thoughts developed the Science of Astronomy ?
(A) Greeks (B) Chinese
(C) Roman (D) Arabs

**23.** Demographic transition is a framework that explores the historical sequence of changes in
1. Fertility and migration
2. Mortality and age-structure
3. Mortality and migration
4. Age-structure and sex-composition

**Codes :**
(A) 1 and 4 are correct.
(B) 3 and 4 are correct.
(C) only 1 is correct.
(D) 1 and 2 are correct.

**24.** Name the State which employs the highest number of child labour in the country.
(A) Tamil Nadu
(B) Bihar
(C) Andhra Pradesh
(D) Jharkhand

**25.** India's decadal population growth rate has been continuously declining since
(A) 1971-81 (B) 1981-91
(C) 1991-2001 (D) 2001-2011

**26.** Diego Garcia is an island in which of the following oceans ?
(A) Atlantic (B) Pacific
(C) Indian (D) Arctic

**27.** Read Assertion (A) and Reason (R) and find the correct answer from the codes given below :

**Assertion (A) :** Urbanization is a defining phenomenon of this century and the developing countries are at the locus of this transformation.

**Reason (R) :** The urban shift has happened in the last few decades largely due to rapid mega cities growth in the developing countries.

**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are correct and (R) explains (A).
(B) Both (A) and (R) are correct but (R) does not explain (A).
(C) (A) is correct, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**28.** Match List – I with List – II and select the correct answer using the codes given below :

| List – I | List – II |
|---|---|
| a. Baku | i. Diamond |
| b. Kuzbas Basin | ii. Iron ore |
| c. Urals | iii. Coal |
| d. Eastern Siberia | iv. Oil |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | iii | ii | i |
| (B) | ii | iii | iv | i |
| (C) | i | ii | iii | iv |
| (D) | iv | iii | i | ii |

**20.** निम्नलिखित में से कौन से विद्वान ने महासागरीय जल के रंग और उसकी लवणता को सहसम्बन्धित रूप से देखा ?
(A) इब्न – खाल्दून
(B) अल – मसूदी
(C) इब्न – सिना
(D) अल – मकदिसी

**21.** "सम्पूर्ण इतिहास को भौगोलिक रूप से समझना चाहिये और सम्पूर्ण भूगोल को ऐतिहासिक रूप से निरूपित करना चाहिये ।" यह किसने लिखा है ?
(A) हेरोडॉट्स (B) रेटज़ल
(C) ब्लॉश (D) डेविस

**22.** खगोलशास्त्र का विज्ञान किस सम्प्रदाय ने विकसित किया है ?
(A) यूनानी (B) चीनी
(C) रोमन (D) अरबी

**23.** जनांकिकीय संक्रमण (परिवर्तन) एक प्रकार का ढाँचा है जो परिवर्तनों के ऐतिहासिक अनुक्रम का अन्वेषण करता है :
1. प्रजनन क्षमता एवं प्रवसन
2. मृत्युदर एवं आयु-संरचना
3. मृत्युदर एवं प्रवसन
4. आयु-संरचना एवं लिंग संयोजन

**कूट** :
(A) 1 एवं 4 सही हैं ।
(B) 3 एवं 4 सही हैं ।
(C) केवल 1 सही है ।
(D) 1 और 2 सही हैं ।

**24.** देश में किस राज्य में सबसे अधिक बाल श्रमिक पाये जाते हैं ?
(A) तमिलनाडु (B) बिहार
(C) आंध्र प्रदेश (D) झारखंड

**25.** भारत की दशकीय जनसंख्या की वृद्धि दर में किस दशक से निरन्तर कमी आ रही है ?
(A) 1971-81 (B) 1981-91
(C) 1991-2001 (D) 2001-2011

**26.** निम्न में से किस महासागर में डीगो गार्शिया नाम का द्वीप है ?
(A) अटलांटिक
(B) प्रशान्त
(C) इंडियन
(D) उत्तर-ध्रुवीय

**27.** अभिकथन (A) और कारण (R) को पढ़ें और नीचे दिये कूट से सही उत्तर का चयन करें :

**अभिकथन (A) :** शहरीकरण इस शताब्दी की सीमा निर्दिष्ट करने वाली परिघटना है और विकासशील देश इस परिवर्तन के फोकस (संकेन्द्रण) पर हैं ।

**कारण (R) :** विकासशील देशों में महानगरों की द्रुत वृद्धि के कारण पिछले कुछ दशकों में शहर-गमन (या स्थानान्तरण) अधिक हुआ है ।

**कूट** :
(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की व्याख्या करता है ।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं परन्तु (R), (A) की व्याख्या नहीं करता है ।
(C) (A) सही है, परन्तु (R) मिथ्या है ।
(D) (A) मिथ्या है, परन्तु (R) सत्य है ।

**28.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. बाकू | i. हीरा |
| b. कुज़बास बेसिन | ii. खनिज लौहा |
| c. यूराल्स | iii. कोयला |
| d. पूर्वी साइबेरिया | iv. तेल |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | iii | ii | i |
| (B) | ii | iii | iv | i |
| (C) | i | ii | iii | iv |
| (D) | iv | iii | i | ii |

prepp
Your Personal Exams Guide

**29.** Marquette range in U.S.A. is known for
(A) Uranium (B) Copper
(C) Gold (D) Iron ore

**30.** The location of paper industries is highly influenced by which one of the following factors ?
(A) Availability and nearness of raw material
(B) Nearness of market
(C) Availability of capital
(D) Transport connectivity

**31.** Which one of the following is the largest volume of import commodities in India ?
(A) Raw materials
(B) Iron and Steel
(C) Petroleum & Lubricants
(D) Pearls and Precious stones

**32.** Kirkuk, one of the most important oilfields in the world, is located in
(A) Iran (B) Iraq
(C) Kuwait (D) Russia

**33.** To which racial groups the Eskimos belong to ?
(A) The Negroids
(B) The Mongoloids
(C) The Caucasoids
(D) The Australoids

**34.** The concept of 'Cultural landscape' was promoted by
(A) Ratzel
(B) Anne Buttimer
(C) Carl Sauer
(D) Wilbur Zelinsky

**35.** Which one of the following Islamic countries is predominantly of <u>Shia</u> sect ?
(A) Iraq
(B) Iran
(C) Pakistan
(D) Afghanistan

**36.** Who, among the following, propounded the concept of compage ?
(A) Minshull (B) Blache
(C) Whittlesey (D) Isard

**37.** Organic Theory of the State was propounded by
(A) Mackinder
(B) Ratzel
(C) Haushofer
(D) Isaiah Bawman

**38.** Quasi Federal Form of Government is in
(A) U.S.A. (B) Great Britain
(C) Russia (D) India

**39.** Which of the following was the earliest regional planning exercise in India ?
(A) National Capital Region Plan
(B) Dandakaranya Area Plan
(C) Damodar Valley Project
(D) Bhakra-Nangal Project

**40.** Which of the following is an incorrect pair ?
(A) Utilitarian Planning – Functional Planning
(B) Comprehensive Planning – Integrated Planning
(C) Regional Planning – Spatial Planning
(D) Sectoral Planning – Co-ordinated Planning

**41.** Which one of the following States has the longest coast line ?
(A) Tamil Nadu
(B) Maharashtra
(C) Gujarat
(D) Kerala

**42.** In which of the following States of India the concentration of laterite soils is higher ?
(A) Odisha
(B) Gujarat
(C) Jammu & Kashmir
(D) Arunachal Pradesh

Prepp
Your Personal Exams Guide

**29.** यू.एस.ए. में मारकेट माला किसके लिये विख्यात है ?
(A) यूरेनियम (B) ताँबा
(C) स्वर्ण (D) लौह अयस्क

**30.** कागज उद्योगों की अवस्थिति किन कारकों द्वारा अत्यधिक प्रभावित होती है ?
(A) कच्चे माल की उपलब्धता एवं समीपता
(B) बाजार की निकटता
(C) पूँजी की उपलब्धता
(D) परिवहन सम्बद्धता

**31.** भारत में सबसे बड़ी मात्रा में आयात की जाने वाली वस्तुएँ कौन सी हैं ?
(A) कच्चा माल
(B) लोहा एवं स्टील
(C) पेट्रोलियम एवं चिकनाई पदार्थ
(D) मोती एवं बहुमूल्य पत्थर

**32.** किरकुक, जो विश्व में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण तेल क्षेत्र है, कहाँ स्थित है ?
(A) ईरान (B) इराक
(C) कुवैत (D) रशिया (रूस)

**33.** एस्किमो लोग किस प्रजाति समूह से सम्बन्ध रखते हैं ?
(A) नीग्रॉयड्स (B) मोंगोलॉयड्स
(C) काकेसॉयड्स (D) ऑस्ट्रेलॉयड्स

**34.** 'सांस्कृतिक दृश्यभूमि' की अवधारणा को किसके द्वारा बढ़ावा दिया गया ?
(A) रेटज़ल
(B) एन बट्टीमेर
(C) कार्ल सावर
(D) विलबर जेलिंस्की

**35.** निम्नलिखित में से कौन सा इस्लामी देश प्रमुखत्या शिया सम्प्रदाय का है ?
(A) इराक (B) ईरान
(C) पाकिस्तान (D) अफगानिस्तान

**36.** 'कोम्पेज' की अवधारणा का प्रतिपादन निम्नलिखित में से किसने किया ?
(A) मिन्शुल (B) ब्लाश
(C) व्हीटेल्सी (D) आइजॉर्ड

**37.** राज्य की आर्गेनिक थ्योरी का संस्थापक निम्नलिखित में से कौन हैं ?
(A) मैकिन्डर (B) रेटज़ल
(C) हॉउशोफर (D) इसाइया बॉमन

**38.** अर्ध-गणतांत्रिक शासन निम्नलिखित में से किस देश में है ?
(A) यू.एस.ए. (B) ग्रेट ब्रिटेन
(C) रूस (D) भारत

**39.** भारत में, निम्नलिखित में से कौन सा सबसे पहला क्षेत्रीय नियोजन का प्रयास था ?
(A) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना
(B) दण्डकारण्य क्षेत्र योजना
(C) दामोदर घाटी परियोजना
(D) भाखड़ा नँगल परियोजना

**40.** निम्नलिखित में से कौन सा युग्म गलत है ?
(A) उपयोगितावादी योजना – प्रकार्यात्मक योजना
(B) व्यापक योजना – एकीकृत योजना
(C) क्षेत्रीय योजना – स्थानिक योजना
(D) खंडीय योजना – समन्वित योजना

**41.** निम्नलिखित में से किस राज्य की सबसे लम्बी तट रेखा है ?
(A) तमिलनाडु (B) महाराष्ट्र
(C) गुजरात (D) केरल

**42.** भारत के निम्नलिखित राज्यों में से किसमें लैटेराइट (मखरला) मृदा का केन्द्रीयकरण अधिकतम है ?
(A) ओडिशा
(B) गुजरात
(C) जम्मू एवं कश्मीर
(D) अरुणाचल प्रदेश

www.prepp.in

prepp
Your Personal Exams Guide

**43.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). Select your answer from the codes given below :

**Assertion (A) :** Laterite soils are well developed in Kerala.

**Reason (R) :** Kerala receives high rainfall during monsoon season.

**Codes :**

(A) (A) and (R) are correct and (R) explains (A).

(B) (A) is correct, but (R) is false.

(C) (A) is false, but (R) is correct.

(D) (A) and (R) are correct, but (R) does not explain (A).

**44.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). Select your answer from the codes given below :

**Assertion (A) :** Himalayan rivers are perennial.

**Reason (R) :** The region gets rainfall from the South West monsoon season only.

**Codes :**

(A) (A) and (R) are correct and (R) explains (A).

(B) (A) and (R) are correct, but (R) does not explain (A).

(C) (A) is correct, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is correct.

**45.** The 'Valley of Kashmir' lies between which of the following ranges ?

(A) Pir-Panjal and Karakoram range

(B) Pir-Panjal and Zaskar range

(C) Zaskar and Ladakh range

(D) Sulaiman and Kirthar range

**46.** Which one of the following regions has the highest proportion of agricultural land under irrigation ?

(A) Punjab-Haryana Plain

(B) Rajasthan-Gujarat Plain

(C) West Bengal Delta

(D) Uttar Pradesh-Bihar Plain

**47.** Consider the following figures X and Y:

| A | 2 cm / RF 1 : 2000 | B | C | 2 cm / RF 1 : 10,00,000 | D |
|---|---|---|---|---|---|

**Fig. : X** **Fig. : Y**

Which of the following statement is correct ?

(A) Fig. X is small scale and the distance between A and B is 40 metres.

(B) Fig. Y is large scale and the distance between C and D is 4 km.

(C) Fig. X is large scale and Fig. Y is small scale. The distances between A & B and C & D are 40 metres and 20 km respectively.

(D) Fig. X is large scale and Fig. Y is small scale. The distance between A & B and C & D are equal.

**48.** If the variability of rainfall is to be measured, which of the following techniques will be used ?

(A) Mean Deviation

(B) Standard Deviation

(C) Coefficient of Variation

(D) Interquartile Range

**49.** Which of the following is not a Quantitative Distribution Map ?

(A) Choroschematic Map

(B) Isopleth Map

(C) Dot Map

(D) Choropleth Map

**50.** Occupational structure of population in India at State level is best represented by

(A) Dot Method

(B) Isopleth

(C) Choropleth

(D) Pie diagram

**43.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, जिनमें से एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) का नाम दिया गया है । नीचे दिए गए कूट में से अपने उत्तर का चयन कीजिए :

**अभिकथन (A) :** लैटेराइट मृदाएं केरल में सुविकसित हैं ।

**कारण (R) :** मानसून मौसम के दौरान केरल में भारी वर्षा होती है ।

**कूट** :
(A) (A) तथा (R) दोनों सही हैं और (R), (A) को स्पष्ट करता है ।
(B) (A) सही है, पर (R) गलत है ।
(C) (A) गलत है, पर (R) सही है ।
(D) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) को स्पष्ट नहीं करता ।

**44.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) का नाम दिया गया है । नीचे दिए गए कूट में से अपने उत्तर का चयन कीजिए :

**अभिकथन (A) :** हिमालय की नदियाँ बारहमासी होती हैं ।

**कारण (R) :** यह क्षेत्र केवल दक्षिण पश्चिम मानसून से ही वृष्टि प्राप्त करता है ।

**कूट** :
(A) (A) और (R) सही हैं और (R), (A) की व्याख्या करता है ।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की व्याख्या नहीं करता है ।
(C) (A) सही है, परन्तु (R) असत्य है ।
(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**45.** 'कश्मीर घाटी' निम्नलिखित में से किन पर्वत श्रेणियों के बीच स्थित हैं ?
(A) पीरपंजाल और कराकोरम श्रेणी
(B) पीरपंजाल और ज़ास्कर श्रेणी
(C) ज़ास्कर और लद्दाख श्रेणी
(D) सुलेमान और किरथर श्रेणी

**46.** निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में सिंचाई के अन्तर्गत कृषि भूमि का अधिकतम अनुपात आता है ?
(A) पंजाब – हरियाणा मैदान
(B) राजस्थान – गुजरात मैदान
(C) पश्चिमी बंगाल डेल्टा
(D) उत्तर प्रदेश – बिहार मैदान

**47.** निम्नलिखित X एवं Y चित्रों पर विचार करें :

| चित्र : X | चित्र : Y |
|---|---|
| A $\frac{\text{2 cm}}{\text{RF 1 : 2000}}$ B | C $\frac{\text{2 cm}}{\text{RF 1 : 10,00,000}}$ D |

निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?
(A) चित्र X छोटा पैमाना है और A एवं B के बीच दूरी 40 मीटर है ।
(B) चित्र Y बड़ा पैमाना है और C एवं D के बीच दूरी 4 किमी है ।
(C) चित्र X बड़े पैमाने का है और चित्र Y छोटा पैमाना है । A एवं B और C एवं D के बीच दूरी क्रमश: 40 मीटर और 20 किमी है ।
(D) चित्र X बड़ा पैमाना है और चित्र Y छोटा पैमाना है । A और B तथा C और D के बीच दूरी एकसमान है ।

**48.** यदि वर्षा की परिवर्तनशीलता का माप करना है, तो निम्नलिखित में से किस तकनीक का हम उपयोग करेंगे ?
(A) माध्य विचलन
(B) मानक विचलन
(C) विचरण का गुणांक
(D) अंतर्चतुर्थक परास

**49.** निम्नलिखित में से कौन सा मात्रात्मक वितरण मानचित्र नहीं है ?
(A) वर्णप्रतीकी मानचित्र
(B) सममान रेखा मानचित्र
(C) बिन्दु मानचित्र
(D) वर्णमात्री मानचित्र

**50.** भारत में राजकीय स्तर पर जनसंख्या की व्यावसायिक संरचना किसके द्वारा श्रेष्ठ निरूपित होती है ?
(A) बिन्दु विधि
(B) सममान रेखा
(C) वर्णमात्री विधि
(D) चक्र आरेख

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Space For Rough Work**

Prepp Your Personal Exam Guide